वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय,जौनपुर

प्रेस विज्ञप्ति

एतद्द्वारा समस्त प्राचार्य/प्राचार्या, सम्बद्ध महाविद्यालय वीर बहादुर सिंह पू0वि0वि0, जौनपुर के जनपद जौनपुर एवं गाजीपुर के समस्त महाविद्यालयों को अवगत कराना है कि विषम सेमेस्टर सत्र 2025–26 की परीक्षाओं के संदर्भ में निम्न तैयारी सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

1. विशेष अभियान चलाकर विषम सेमेस्टर के पाठ्यक्रमों को नवम्बर माह के प्रथम सप्ताह तक पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।
2. परीक्षा फार्म भराये जाने की प्रक्रिया अक्टूबर माह के तृतीय सप्ताह से प्रारम्भ की जायेगी, कृपया यह सुनिश्चित करें कि शत–प्रतिशत छात्र–छात्राओं का फार्म पूर्ण हो सके।
3. विषम सेमेस्टर की परीक्षा नवम्बर माह के द्वितीय/तृतीय सप्ताह से प्रारम्भ हो जायेगी, तद्नुसार कार्यवाही सुनिश्चित करें।
4. विगत मूल्यांकन के दौरान यह प्रकाश में आया था कि कतिपय महाविद्यालयों द्वारा छात्रों का अनुक्रमांक इत्यादि सही ढ़ग से नहीं भरायें जाने के कारण परीक्षा परिणाम घोषित करने में असुविधा हो रही है। कृपया उक्त के सन्दर्भ में पूर्ण रुप से छात्रों को भिज्ञ कराना सुनिश्चित करें।
5. परीक्षा से सम्बन्धित अन्य समस्त कार्यवाही 10 नवम्बर तक पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

कृपया उक्त का अनुपालन प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

डा0(विनोद कुमार सिंह)
परीक्षा नियंत्रक

पृष्ठांकनः 3025/परीक्षा समान्य./2025 **दिनांकः 09.10.2025**

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1 निजी सचिव कुलपति को, मा0कुलपति महोदय के संज्ञानार्थ।
2 वित्तअधिकारी ।
3 कुलसचिव ।
4 संकायाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष विश्वविद्यालय परिसर, जौनपुर को इस आशय के साथ प्रेषित कि कृपया संबंधित छात्र/छात्राओं को सूचना अपने स्तर से भी देने का कष्ट करें।
5 सम्बन्धित प्राचार्य/प्राचार्या, सम्बद्ध महाविद्यालय, वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय जौनपुर को इस आशय के साथ प्रेषित कि कृपया संबंधित छात्र/छात्राओं को सूचना अपने स्तर से भी देने का कष्ट करें।
6 मीडिया प्रभारी विश्वविद्यालय पसिर को समस्त समाचार पत्रों में जनहित में निःशुल्क प्रकाशनार्थ।
7 प्रभारी, वेबसाइट, विश्वविद्यालय परिसर।
8 प्रशा0अधिकारी, परीक्षा/गोपनीय/अतिगोपनीय।

परीक्षा नियंत्रक